हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]




डायमंड | कुंदन | गोल्ड | सिल्वर | आभूषणों का अनूठा संसार

100% BIS Hallmark Jewellery Showroom

सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी

• चाँदी के बर्तन
• चाँदी के शुद्ध सिक्के

सर्टिफाइड राशि रत्न

गोल्ड टेस्टिंग मशीन

*शर्तें लागू

100 वर्षों से अधिक सतत् सेवारत्

पीढ़ी दर पीढ़ी आपका हमारा अटूट रिश्ता

# बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.

सदर बाजार, राजनांदगांव. ☎ 07744 407161, 409965

पार्किंग सुविधा







## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएसन रायपुर द्वारा ग्राम कुरूद (धमतरी) में छग के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर एवं विशेष अतिथियों के सानिध्य में संपन्न हुआ। सभी ने संगठन के हित में कार्य कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर राजनांदगांव के सदस्यों को पद एसआर केहरी (प्रांतीय संरक्षक), निसार अहमद (प्रांतीय महामंत्री), कमल कुमार दुबे (प्रांतीय उपाध्यक्ष), हसीना खान (प्रांतीय सचिव), सुधीर शेंडे (प्रांतीय संगठन सचिव), शैलेन्द्र सिंह (प्रांतीय संगठन सचिव) बनाए गए हैं। 12 अक्टूबर को मासिक पेंशनरों की बैठक में प्यारेलाल स्कूल में दोपहर 12.30 बजे सभी नए पदाधिकारियों का पूर्ण उत्साह के साथ अभिनंदन एवं स्वागत कर नारे लगाए गए और पदाधिकारियों ने अपने उदबोधन में सबको साथ मिलकर एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। उपरोक्त जानकारी संगठन के प्रचार-प्रसार प्रभारी रमेश भोजवानी ने दी।

### लखोली में चला सफाई अभियान



**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के जन्म दिवस पर लखोली वार्ड नंबर 32 के भाजपा कार्यकर्ताओं ने वार्डवासियों के साथ मिलकर साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। तालाब के पचरी की सफाई करते पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने कहा कि वार्ड को स्वच्छ रखना केवल सरकार या निगम का कार्य नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस दौरान नागरिकों को यह भी संकल्प कराया गया कि वे अपने घर-मोहल्ले और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करेंगे। स्वच्छता अभियान में पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर, अकरम कुरैशी, मिथिलेश्वरी वैष्णव, विनोद कश्यप, छन्नू साहू, दीपक रजक, राजेन्द्र यादव, पुष्पा रजक, नीरु यादव, संगीता रजक, विमला साहू, नरेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

### विक्रम और नीलिमा ने जीता गोल्ड



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थी विक्रम और नीलिमा ने कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई द्वारा हेमचंद यादव विश्विद्यालय दुर्ग के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयीन खिलाड़ियों के लिए कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें महाविद्यालय के खिलाड़ी विक्रम चंद्रवंशी 65 किलो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। विक्रम नवंबर में चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। योगा की छात्रा नीलिमा साहू ने 53 वर्ग किलो में स्वर्ण पदक जीता। वे नवंबर में कोटा राजस्थान में विश्वविद्यासय का प्रतिनिधित्व करेंगे। बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ऋषभ साहू ने सिल्वर मेडल जीता।
विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, दीपक परगनिहा रजिस्ट्रार, क्रीड़ाधिकारी अरूण चौधरी, रामू पाटिल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बधाई दी।

# दिवाली पर्व: आज धनतेरस, 20 को लक्ष्मी पूजा 21 अक्टूबर की शाम तक ही रहेगी अमावस्या!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली के महापर्व तिथि को लेकर लोगों के बीच काफी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। अलग-अलग पंचांगों में जानकार दीपावली की अलग-अलग तारीख बता रहे हैं। कोई 20 अक्टूबर तो कोई 21 अक्टूबर को दीवाली मनाने की बात कह रहे हैं। इस कार्तिक महीने की अमावस्या तिथि दो दिन रहेगी। दीपावली अमावस्या के पहले दिन यानी सोमवार 20 अक्टूबर को ही मनाया जाना ही सर्वश्रेष्ठ होगा। 21 अक्टूबर मंगलवार को स्नान-दान की अमावस्या रहेगी।

ज्योतिषाचार्यों ने दीपावली पूजन की तिथि को लेकर स्पष्ट कर दिया है कि दीपावली 20 अक्टूबर को मनाना ही श्रेष्ठ है। इस दिन अमावस्या तिथि दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी, जो अगले दिन 21 अक्टूबर शाम 5.34 बजे तक रहेगी। पहले दिन अमावस्या तिथि प्रदोष व निशीथ काल में होने से 20 अक्टूबर को दीपावली मनाना उचित रहेगा। अगले दिन अमावस्या सूर्यास्त से पहले समाप्त हो जाएगी और प्रतिपदा लग जाएगा। दीपावली निशीथ कालीन पर्व है। रात में लक्ष्मी पूजन होता है, इसलिए इसे अमावस्या के पहले ही दिन मनाया जाएगा।

**धनतेरस से शुरू होगा पांच दिवसीय पर्व :** पांच दिवसीय दीपावली का पर्व इस बार छह दिवसीय पड़ रहा है। जिसमें 18 अक्टूबर को धनत्रयोदशी का प्रसिद्ध पर्व प्रदोषकाल में मिलने के कारण मनाया जाएगा। इस दिन धनवंतरी जयंती भी मनाई जाती है। धन-ऐश्वर्य की वृद्धि की कामना से विधिवत महालक्ष्मी का पूजन किया जाता है। चूंकि दिन में 120 पर त्रयोदशी का आगमन हो रहा है, जो दूसरे दिन 154 तक रहेगी, इसलिए प्रदोष कालीन प्राप्त होने से 18 को ही धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन प्रदोषकाल में मृत्यु के निवारणार्थ शाम के समय घर के बाहर तिल के तेल का दक्षिणमुखी दीपक यमराज के निमित्त जलाया जाता है। जिसमें सर्वोत्तम प्रदोषकाल वृष लग्न 6.59 मिनट से 8.56 के मध्य प्राप्त हो रहा।

### नरक चतुर्दशी 19 को

धनतेरस के अगले दिन 19 अक्टूबर रविवार को नरक चतुर्दशी हनुमान जयंती मनाई जाएगी। सायंकाल मेष लग्न 5.20 से 6.59 के बीच हनुमान का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन भगवान ने नरकासुर का वध किया था। इस कारण पमृत्युनिवारण के लिए नरक चतुर्दशी मनाई जाती है। यमराज के निमित्त चतुर्मुखी सरसों के



### 20 को ही पूर्ण प्रदोषकाल

आचार्य ऋषभ देव ने बताया कि शास्त्र सम्मत गणना के अनुसार पूर्ण प्रदोषकाल व्यापिनी तिथि 20 अक्टूबर को है। अगले दिन 21 अक्टूबर की शाम को प्रतिपदा शुरू हो जाएगी। दीपावली पूजन 20 को अमावस्या के रहते ही किया जाना उचित है। दीपावली प्रदोष व्यापिनी अमावस्या पर ही मनाई जाती है। शिव शक्तिधाम ढांचा भवन मंदिर के पुजारी आचार्य ऋषम उपाध्याय ने बताया कि इस बार लक्ष्मी पूजन 20 अक्टूबर को ही श्रेष्ठ होगा। 21 अक्टूबर को अमावस्या तिथि न प्रदोषकाल में रहेगी और न ही रात में। कारखानों और प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की उपस्थिति में जो लोग सुबह पूजन करना चाहते हैं, वे 21 की सुबह लक्ष्मी पूजन कर सकते हैं। 21 अक्टूबर को शाम तक अमावस्या रहने से गोवर्धन पूजा यानी अन्नकूट 22 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

### प्रदोष और रात्रि व्यापिनी अमावस्या तिथि

नरक चौदस के अगले दिन 20 अक्टूबर को सनातन धर्म का विश्व प्रसिद्ध पवित्र पर्व दीपावली प्रदोष एवं रात्रि व्यापिनी अमावस्या तिथि में मनाई जाएगी। दिन में व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए स्थिर कुंभ लग्न 2.13 से 3.44 तक तथा दूसरा सर्वोत्तम प्रदोषकाल में स्थिर वृष लग्न 6.51 से 8.48 में और महानिशा में तांत्रिक पूजा मंत्र सिद्धि के लिए स्थिर लग्न सिंह 1.19 से 3.35 तक शुभ मुहूर्त रहेगा। शेष रात भोर में सूप बजकर दरिद्र निष्कासन एवं लक्ष्मी का पदार्पण कराया जाएगा। स्नान, दान व श्राद्ध के लिए अमावस्या 21 अक्टूबर मंगलवार को भौमवती अमावस्या के पवित्र संयोग के साथ मनाई जाएगी। सोमवार की दीपावली शुभ फलकारक एवं धन ऐश्वर्य में वृद्धि कारक है। 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट मनाया जाएगा। 23 अक्टूबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन लेखनी आदि का पूजन कर चित्रगुप्त की पूजा की जाएगी। दोपहर 2 बजे से 3.28 तक भैया दूज में तिलक करने का शुभ मुहूर्त प्राप्त हो रहा है।

### दीपावली का शुभ मुहूर्त

लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 8 मिनट से लेकर रात 8 बजकर 18 मिनट तक रहेगा। इस समय मां लक्ष्मी की पूजा करने से धन-धान्य और समृद्धि की वर्षा होगी, लेकिन जो लोग अपने ऑफिस में कर्मचारियों के साथ पूजा करते हैं वे 21 अक्टूबर की सुबह लक्ष्मी पूजन कर सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस दिन अमावस्या तिथि शाम 5.43 तक मौजूद रहेगी।

### उदया तिथि का महत्व

उदय तिथि का मतलब है, वह तिथि जो सूर्योदय के समय मौजूद रहे। भले ही ज्यादातर त्यौहारों में उदिया तिथि ही मान्य होती है, लेकिन दीवाली पर्व के साथ ऐसा नहीं है। शास्त्रों के अनुसार दीवाली का त्योहार अमावस्या तिथि की रात में मनाया जाता है, इसलिए इस पर्व में प्रदोषकाल व्यापनी तिथि देखी जाती है। इस दौरान मां लक्ष्मी के सिद्ध मंत्रों का जाप करना ना भूलें।

# चार पहिया वाहनों के प्रवेश से लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीपावली की खरीदी के लिए बाजार में भीड़ बढ़ने लगी है। वहीं दूसरी ओर चार पहिया वाहनों के प्रवेश करने से जगह-जगह जाम लग रहा है। जिससे लोगों को समस्याएं हो रही है। वहीं जाम की वजह से लड़ाई-झगड़े की स्थिति भी बन रही है।

दीपावली पर यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए कोई भी ठोस इंतजाम नजर नहीं आ रहा है। शहर के बाजार क्षेत्र में तीन और चार पहिया वाहन प्रवेश कर रहे हैं। जिसकी वजह से जाम लग रहा है। वहीं नेशनल हाईवे पर गायत्री मंदिर चौक के समीप से इमाम चौक तक ट्रकों को खड़ी कर माल लोडिंग-अनलोडिंग की जा रही है। जिसके चलते यहां दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है। शहर का बाजार क्षेत्र होने की वजह से इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ा हुआ है। वहीं भारी वाहनों के सड़क में खड़े रहने से आवागमन बाधित हो रहा है।



### जयस्तंभ चौक पर जाम

शहर के जयस्तंभ चौक में त्यौहार का बाजार लगा हुआ है, जहां पूजन सामग्रियों सहित सजावट के सामान और प्रसादी की दुकानें लगी है। आज शाम यहां एक मालवाहक के प्रवेश करने से जाम लग गया। काफी देर बाद यातायात के जवान मौके पर पहुंचे और यातायात बहाल कराया। इस दौरान आसपास लगे दुकानों की ग्राहकी भी प्रभावित हुई। जाम की वजह से ग्राहकों के खड़े होने की जगह भी नहीं थी।

### स्टॉपर हटा जा रहे वाहन

शहर के गुड़ाखू लाइन, जयस्तंभ चौक, हलवाई लाइन, कामठी लाइन, जूनीहटरी, गुरुद्वारा रोड में मालवाहक, तीन-चार पहिया वाहन और ई-रिक्शा के प्रवेश करने से जाम लग रहा है। कुछ जगहों पर स्टॉपर रखा गया है, लेकिन आसपास पुलिस जवान नहीं होने पर स्टॉपर हटाकर वाहन चालक अपने वाहन ले जा रहे।




### जिला अस्पताल पहुंचे कलेक्टर जितेंद्र यादव, देखी व्यवस्था

# साफ-सफाई में कमी पर जताई नाराजगी अनुपस्थित डॉक्टर को जारी की नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बसंतपुर स्थित शासकीय जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जिला चिकित्सालय में ओपीडी, दवाई वितरण शाखा, फार्मेसी, शिशु वार्ड, पेईंग वार्ड एवं अन्य शाखाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मरीजों से बात कर हास्पिटल में ईलाज एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हास्पिटल में ईलाज के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में साफ-सफाई निरंतर करने कहा। कलेक्टर ने ओपीडी में ड्यूटी पर अनुपस्थित डॉक्टर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बसंतपुर स्थित 100 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल के सुरक्षा वार्ड में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई में कमी होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने वहां समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने पोस्ट नेटल कक्ष का अवलोकन किया तथा वहां परिजनों से भेंट की और सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने वहां भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने हॉस्पिटल में चल रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. चंद्रवंशी सहित जिला चिकित्सालय केअधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने नशामुक्ति केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर यादव ने समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वैच्छिक संस्था समता जन कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा संचालित एकीकृत पुनर्वास केन्द्र (नशामुक्ति केन्द्र) का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान संस्था में उपस्थित 5 हितग्राही से चर्चा। उन्होंने केन्द्र में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने संस्था के पुस्तकालय को अद्यतन करने एवं आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव




दीपावली पर्व
घर सजे हमारे साथ
खरीदे सूरत की साड़ी
सूरत के दाम पर
एक छत के नीचे
पूरे परिवार के लिये
खरीदे कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में
• शेरवानी • सूट • ब्लेजर • साड़ियां • रेडीमेड • होजयारी • हैंडलूम • सूटिंग • फर्निशिंग • शर्टिंग • किड्स वियर


## सार समाचार

### महाविद्यालय में मंच का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय के नवीन भवन के सी ब्लॉक में सांस्कृतिक एवं विभागीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु मंच का भूमिपूजन किया गया। मंच का निर्माण जनभागीदारी समिति के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, प्राचार्य डॉ ईवी रेवती आदि उपस्थित थे।

इस मौके पर अध्यक्ष सुनील जैन ने कहा कि सांस्कृतिक प्रगति और छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए यह मंच उपयोगी सिद्ध होगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्री डोंगरे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय नगर का गौरव है और इसके विकास में हर संभव सहयोग किया जाएगा।

### बेटी के जन्मदिन पर शिक्षक ने कराया न्योता भोज

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में पदस्थ शिक्षक बसंत साहू ने अपनी बेटी भाव्या साहू के जन्मदिन के मौके पर प्राथमिक



एवं पूर्व माध्यमिक शाला के 202 बच्चों को न्यौता भोज के तहत खीर, मिक्चर, केला खिलाया। इस अवसर पर कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, बसंत साहू, चैनसिंह साहू, चैतन्य देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर, दीप्ति शेण्डे उपस्थित थे।

### अंग्रेजी की उपचारात्मक शिक्षा

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में व्याख्याता अजय पाठक ने कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय का स्वैच्छिक उपचारात्मक शिक्षण



प्रारंभ किया है। इस पहल से विद्यार्थियों के सीखने तथा कठिनाइयों को दूर करने में मदद मिलती है। इससे छात्र अपनी कमजोरियों को दूर कर गलतियों को सुधारने का कोशिश करते है।

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने बंधाया ढांढस

**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांतसिंह ने गत दिनों दिवंगत शिक्षक बाबूलाल सोरी के घर पहुंचकर परिवार का ढांढस बंधाया। उन्होंने



परिजनों से मुलाकात कर घटना पर दुख प्रकट करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर राधेमोहन वैष्णव, लोमश वैष्णव, आनंद पटेल, महेश जैन, अश्वनी वैष्णव, निक्कू जैन, भीखु हिरवानी, खेलन वर्मा, अवधेश मिश्रा, रमेश जंघेल, धनऊ राम जंघेल, शिव पटेल, रति राम, दीपेन्द्र वर्मा, रोशन पाल मौजूद थे। पूर्व माध्यमिक शाला भदेरा में पदस्थ शिक्षक बाबूलाल सोरी एवं उनकी पत्नी सुनती सोरी की गत दिनों हत्या कर दिया गया। उनके दो पुत्र अब बेसहारा हो गए हैं। ब्लाक के शिक्षकों ने गुरूवार को सोरी परिवार को 75 हजार की सहयोग राशि देकर दुख प्रकट किया।

### मुरमुंदा में डांस प्रतियोगिता 20 को

**मुरमुंदा।** कान्हा ग्रुप, सार्वजनिक गौरा गौरी उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रिकॉर्डिंग डांस का आयोजन आगामी 20 अक्टूबर को ग्राम के बाजार चौक में रखा गया है। समिति के सदस्य सुदामा यादव एवं राकेश यादव ने बताया सामूहिक नृत्य में क्रमशः 4001, 3001, 2001, युगल नृत्य में 2501, 2001, 1001, एकल नृत्य में 2001, 1501, 701 रुपए विजेता को दिया जाएगा। आयोजकों ने आसपास के लोगों से आने की अपील की है। इसी तिथि को छोटे मुड़पार में भी डांस का आयोजन रखा गया है।

## निधन



### निर्मलादेवी भूत

**डोंगरगढ़।** नरसिंग वार्ड निवासी द्वारका प्रसाद भूत की धर्मपत्नी निर्मला देवी का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह राकेश भूत, पवन भूत की माता थी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर अग्रवाल मारवाडी समाज सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

### लखनसिंह राजपूत



**डोंगरगांव।** हरिभूमि सहित विभिन्न अखबारों के अभिकर्ता रहे लखनसिंह राजपूत का शुक्रवार को 10.30 बजे निधन हो गया। वह पत्रकार संजयसिंह राजपूत के पिता थे। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



### अनोपीबाई बाफना

**अर्जुनी।** मंडल भाजपा के कोषाध्यक्ष विजय जैन की माताश्री अनोपीबाई बाफना धर्म सहायिका स्व. मानमल बाफना का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बड़ी संख्या में परिजनों सहित अन्य की मौजूदगी में शुक्रवार को किया गया। वह शांतिलाल बाफना, सुशील कुमार, रमेश कुमार, विजय जैन की माताजी थी।

### चमेली दुबे



**डोंगरगांव।** सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण कुमार दुबे की पत्नी एवं व्यवसायी राजकुमार दुबे, राकेश दुबे की माता चमेली दुबे का गत रात्रि निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल 18 अक्टूबर को सुबह 11 बजे मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### शिशु मंदिर में जैन साध्वी की सभा

# शिक्षा का उद्देश्य जीवन का निर्वाह नहीं निर्माण हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में गत दिनों समाधिस्थ जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या 105 आर्यिका आदर्शमति माता ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य जीवन का निर्वाह करना नहीं बल्कि निर्माण करना होना चाहिए।

बच्चों की सभा में जैन साध्वी ने अपने गुरू विद्यासागर महाराज को याद करते हुए कहा कि गुरु तुम इस तरह उठे कि आसमान बन गये, सारे जहां के वास्ते ईमान बन गए, हम तुम्हारे सानिध्य में रहकर इंसान न बन सके और तुम हमारे मध्य रहकर भगवान बन गए। उन्होंने बताया कि गुरु जी कहते थे कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पैसा कमाना ही नहीं होता है। शिक्षा के साथ संस्कार भी होना आवश्यक होती है। मौजूदा शिक्षा पद्दति में संस्कार को गौण कर दिया गया है इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छा पैकेज दिखाई देता है जिससे व्यक्ति का व्यवहार केवल स्वार्थ सिद्धि तक ही सीमित हो गया है। संस्कार ख़त्म हो रहे है।






#### व्यवहार और संस्कार बनाते हैं छोटा- बड़ा

उन्होंने कहा कि बहुत कमाना या ज्यादा पैकेज मिलने से कोई बड़ा नहीं बनाता है। लोगों का व्यवहार बड़ा या छोटा बनाता है। खराब डॉक्टर, इंजीनियर, वकील कुछ ही लोगों का नुकसान करते हैं जबकि शिक्षक खराब हो जाए तो सारे विद्यार्थियों का जीवन ख़राब कर सकता है इसलिए गुरु का जीवन में बहुत महत्व होता है। भारत पहले समृद्ध देश था क्योंकि यहां की संस्कृति, भाषा, संस्कार और गुरुकुल शिक्षा पद्दति से विद्यार्थियों को शिक्षित करने का उद्देश्य जीवन का निर्वाह नहीं निर्माण करना होता था। वसुदेव कुटुम्बकम की भावना जन मानस में व्याप्त थी।

#### कौशल विकास से आत्मनिर्भरता

कार्यक्रम के प्रारंभ में चंद्रगिरी तीर्थ के अध्यक्ष किशोर जैन ने माँ सरस्वती की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। माता जी को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य सरस्वती शिशु मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील जैन को प्राप्त हुआ। इस मौके पर ब्रह्मचारिणी शुभि दीदी ने कहा की शिक्षा के साथ कौशल विकास भी जरूरी है जिससे विद्यार्थी स्वावलंबी बनता है और भविष्य में लक्ष्य प्राप्ति के साथ अपने संस्कार, संस्कृति और देश के लिए कार्य करता है। अंत में प्राचार्य प्रकाश यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर अनिल जैन, सुरेशचंद जैन, सुभाषचंद जैन, सप्रेम जैन, राजेंद्र जैन, सुशील जैन, गौरव जैन, साक्षी जैन, प्रभा जैन, शशि जैन, आशा जैन, त्रिशला जैन, प्रीति जैन के अलावा सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य, दीदीयां और बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं आदि उपस्थित थे।

# धान खरीदी में तय हो अधिकारियों की भूमिका

### आंदोलन की तैयारी में कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष यशवंत वर्मा ने अधिकारियो को खरीदी केंद्र प्रभारी बनाने पर आपत्ति जताया है। उन्होंने कहा कि शासन ने अधिकारीयों की जिम्मेदारियां स्पष्ट नहीं किया है। संघ की मांग है कि अधिकारी की जवाबदारी खरीदी के प्रारंभ से लेकर अंतिम परिवहन तक तय किया जाना चाहिए तभी संघ शासन के निर्णय का स्वागत करेगा अन्यथा समिति कर्मचारियों पर जिम्मेदारी थोपने का विराध किया जाएगा।

संघ के अध्यक्ष यशवंत वर्मा ने बताया कि नुकसान होने पर कर्मचारियों को परेशान किया जाता है। बीते वर्ष भी कर्मचारियों पर



जिम्मेदारी थोप दिया गया था। उन्होंने बताया कि संघ की बैठक मे निर्णय लिया गया कि आगामी 24 अक्टूबर को जिला स्तर पर रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी क्रम में आगामी 3 नवम्बर से संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ की मांगे नही मानी गई तो धान खरीदी प्रभावित हो सकती है। यह जानकारी जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ अध्यक्ष यशवंत वर्मा, उपाध्यक्ष रुपनारायण हिरावानी, आरिफ खान एवं कम्प्युटर आपरेटर संघ के अध्यक्ष भुपेन्द्र जंघेल, उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू ने दी।

## मॉक टेस्ट का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जनजाति विकास एवं उत्थान संस्थान एवं शिक्षक संकल्प टोली के तत्वावधान में विजन निःशुल्क कोचिंग संस्थान ने जवाहर नवोदय विद्यालय मॉक टेस्ट का आयोजन कल 18 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे से संस्कार उत्तर माध्यमिक विद्यालय अम्बागढ़ चौकी में किया है। जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा की तैयारी बीईओ एसके धीवर एवं बीआरसी संतोष पांडे के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। परीक्षा के आयोजन की तैयारी में मनहरण पिथौरा, लेकेश्वर ठाकुर, लेखराम ठाकुर, रतन ठाकुर, नीलकंठ कोमरे, दिलीप खरे, मनोज चंद्रवंशी, व्यासु साहू, पुखराज, राजेश्वर साहू, देव यादव, भजन साहू, विजय ठाकुर, रामकुमार, नरेश निषाद, सुभाष कुमार, सहित अन्य जुटे हैं।

# छत्तीसगढ़ी व्यंजन स्पर्धा में सृष्टि यादव रहीं प्रथम




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में गृह विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 15 अक्टूबर को पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक ओपी वर्मा, नीलम चतुर्वेदानी थी। निर्णायक डॉ. नीता राजपूत, नीलम सिन्हा, अनिमा मिंज तथा देवश्री देवांगन थी।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ी व्यंजन जैसे चीला, फरा, गुलगुला भजिया, दूधफरा, अरसा, सोंहारी, देहरौरी, पपची, ठेठरी-खुरमी, कढ़ी, बासी-चटनी, बड़ा आदि प्रस्तुत किए। स्पर्धा में सृष्टि यादव ने प्रथम, परमेश्वरी चेलक द्वितीय, कहकशा परवीन एवं बबीता मेश्राम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः 500, 500 तथा 250-250 रूपए दिया गया। पुरस्कार वितरण डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर ने किया। संचालन डॉ. नीता राजपूत तथा आभार प्रदर्शन नीलम चतुर्वेदानी ने किया।

### खुर्सीपार के योगेन्द्र को ड्रा में मिली बाइक

# सम्मेलन में खेती को बेहतर बनाने का गुर जाना किसानों ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

उच्च तकनीक और आधुनिक खेती की जानकारी देने के लिए किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। राज्य स्थापना और विद्याश्री क़ृषि केंद्र के 25 साल पूरे होने पर आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों ने शिरकत कर खेती को लाभकारी बनाने के बारे में जानकारी हासिल किया।

स्थानीय मंडी परिसर में बुधवार को आयोजियत किसान सम्मेलन की शुरुवात जैनाचार्य दिद्यासागर महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। स्वागत की औपचारिकता के बाद मौजूद किसानों को नेनहेंस, पान सीड्स, द्याय फर्टीलाइजर, परम बीज, बायो सीड्स सहित 30 से अधिक उत्पादकों के प्रतिनिधियों ने उत्पादों के उपयोग से होने वाले लाभ आदि के बारे में बताया।




#### दीवाली के पहले खुशियों की सौगात

रौशनी के पर्व दीवाली के पहले आयोजित किसान सम्मेलन किसानो के लिए ख़ुशी की सौगात देने वाला साबित हुआ। लक्की ड्रा के माध्यम से ग्राम खुर्सीपार के योगेंद्र कुमार को बाइक, मोहड़ के गोपी देवांगन, बरगांव के भेषकुमार को मोबाईल, मन्होरा साल्हे के रविकुमार और बड़गांव चरभाठा के सुरेन्द्र देहारे को साईकिल मिली। इसी प्रकार रमेश साहू, होम साहू, प्यारेलाल, रेखराम निषाद, टोमन लाल, फगेश्वर, शेखर सिंग, देवलाल साहू, मुकेश्वर साहू, हुदुश्वर राम, लिखन, नेमराम, हीरालाल, महेश, सुखलाल, आशीष, ओकेश पटेल, प्रीतराम, मुकेश साहू, भगवल साहू, सियाराम धनकर को बैटरी स्प्रेयर मिला। इसके अलावा 21 किसानों को वाटर जार, 31 को प्लास्टिक धमेला, 131 को मिनी स्प्रेयर मिला।

#### छात्रों ने की शिरकत

किसान सम्मेलन में क़ृषि अनुसंधान केंद्र सुरगी के करीब पांच दर्जन छात्र- छात्राओं के दल ने उपस्थिति दर्ज कराया। इन छात्रों ने स्टालों में जाकर और किसानो से मुलाकत के खेती किसानी में आ रहे बदलाव आदि के बारे जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान विद्याश्री क़ृषि केंद्र के संदीप जैन, संजय जैन, राजेश पाल, प्रमोद नायक, विवेक यादव, राहुल गुप्ता, राकेश सिंह, नेमेश साहू, आशीष शर्मा, गिरजाशंकर, राहुल परमार, कांति तिवारी, विनोद उइके, अमन जैन, कमल शिवहरे आदि मौजूद थे।

# खड़गांव में रामलीला का रंगारंग मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

नवरात्रि के बाद प्रयागराज के कलाकारों द्वारा ग्राम में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से कलाकार धर्म प्रचार करने के साथ प्राचीन परंपरा कायम रखते हुए आमजनों को धर्म की महत्व बताया जा रहा है। रामलीला का आयोजन में खडगांव व्यापारी संघ एवं ग्राम पंचायत के सहयोग किया गया है।

रामलीला का समापन गोवर्धन पूजा को होगा। व्यापारी संघ के जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि ठाकुरपारा, बोरिया, दोरबा, जक्के, गुबियागढ एवं आसपास के लोग आयोजन में सहयोग दे रहे हैं। रामलीला का व्यापारी संघ के जितेंद्र गुप्ता, भीखम, लक्की गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, चंदू महाराज, लक्ष्मण, संतोष व अन्य प्रचार कर लोगों से लाभ उठाने का आव्हान कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन जिला अध्यक्ष विजय जैन मित्तल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान में नई पीढ़ी को रामलीला का महत्व बताना आवश्यक है।



# बैंकिंग सेवा से कराया अवगत

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा की शिक्षिका हेपशीबा एंथोनी ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए वाणिज्य के विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में प्रहसन के माध्यम से समझाया।



विद्यार्थियों को बैंक का महत्व , चालू खाता, बचत खाता, सावधि जमा, आवर्ती जमा, ऑनलाइन शॉपिंग, कैशलेश ट्रांजेक्शन, एटीएम, क्रेडिट कार्ड, लॉकर सुविधा, योनो ऐप आदि के बारे में नाटक के माध्यम से बताया गया। व्याख्याता अजय पाठक ने विद्यार्थियों को भविष्य में बैंक के कार्य खुद करने, ओटीपी तथा पिन नंबर शेयर न करने की सलाह दी।

# कबीर गुरुद्वारा में बोर का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** कबीर गुरुद्वारा स्थल में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने विधायक निधि से बोरखनन के लिए राशि स्वीकृत कर उसका भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक श्रीमती बघेल ने कबीर साहेब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। स्वागत के बाद पूजा अर्चना कर बोर का भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज चौहान, किरण मेश्राम, गोपालदास हियार, अजयदास मानिकपुरी, स्वीकृतदास मानिकपुरी, प्रताप मानिकपुरी सहित अन्य उपस्थित थे।




HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सार समाचार

## जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**एलबी नगर।** शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर के निर्देशानुसार तथा महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब तथा एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्ववाधान में महाविद्यालय में 16 अक्टूबर को विश्व एड्स पखवाड़ा अंतर्गत एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में एड्स के प्रचार प्रसार हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरस्वती निर्मलकर, द्वितीय स्थान इंकिता वैष्णव, तथा तृतीय स्थान निकेश्वरी व धनिष्ठा ने प्राप्त किया। इसी प्रकार वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खोमेश्वर द्वितीय हेमप्रकाश तथा तृतीय स्थान पर इंकिता वैष्णव रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हेमप्रकाश, द्वितीय स्थान त्रिवेणी तथा तृतीय स्थान फूलबाई ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सोनाली कंवर, द्वितीय स्थान पुनीता सलामे तथा तृतीय स्थान हेमप्रकाश ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान परमेश्वरी, द्वितीय स्थान फूलबाई तथा तृतीय स्थान पर वर्षा ढीमर रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वॉलिंटियर तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## सेजेस सुकुलदैहान के तीन छात्रों का प्रयास में चयन





**राजनांदगांव।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सुकुलदैहान के कक्षा नवमी के छात्र शौर्य वर्मा पिता गोकर्ण वर्मा का चयन आवासीय प्रयास विद्यालय दुर्ग तथा प्रिंस वर्मा पिता नागेश्वर वर्मा एवं राहुल वर्मा पिता शत्रुघ्न वर्मा का आवासीय प्रयास विद्यालय राजनांदगांव वर्ष 2025-26 हेतु प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। इन छात्रों ने अपने माता-पिता, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शाला का नाम रोशन किया। शाला परिवार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते उन्हें बधाई दी है।

## पांच देशों की यात्रा कर लौटे छात्र



**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज के नेवल एनसीसी कैडेट्स सागर सिंह राजपूत ओवरसिज डेव्हलोपमेंट कैंप में पांच देशों की यात्रा कर महाविद्यालय व राजनांदगांव का गौरव एवं मान बढ़ाकर वापस लौटे। सागर सिंह राजपूत छत्तीसगढ़ एवं एमपी डायरेक्टेड से एकमात्र कैडेट ने अपना स्थान सुनिश्चित किया था। सागर अपने स्कूल जीवन से ही एनसीसी कैडेट्स के रूप में पूरी निष्ठा और लगन के साथ लगे रहे और यूनिट द्वारा होने वाले हर कैम्प में शामिल होकर लगातार आगे बढ़ते गए। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने छात्र को बधाई देते निरंतर उतरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ ही डॉ. मेजर किरणलता, एनसीसी नेवल अधिकारी विकास कांडे, एनसीसी आर्मी अधिकारी हीरेन्द्र बहादुर ठाकुर, रजिस्ट्रार दीपक कुमार परगनिहा एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### व्यापारियों को अच्छी ग्राहकी का इंतजार

# बाजार में रौनक नहीं, बेमौसम बारिश से किसानों का हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

दीपावली का त्यौहार नजदीक है, लेकिन इस बार बाजार से रौनक गायब नजर आ रही है। सामान्यतः इन दिनों दुकानों पर भीड़ और चहल-पहल देखने मिलती है, परंतु इस बार बाजार में न भीड़ है, न उत्साह।

बेमौसम बारिश से किसानों की फसलें खराब हो गई हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। फसल नुकसान के चलते गांव-गांव में मायूसी का माहौल है। ग्राम पंचायत स्तर पर भी न तो विकास कार्य हो रहे हैं, न ही योजनाओं में पैसा दिखाई दे रहा है। इस वजह से ग्रामीण इलाकों की आर्थिक गतिविधियां थम सी गई हैं।व्यापारियों का कहना है कि किसानों के पास पैसे नहीं हैं, इसलिए खरीदारी ठप है। त्योहार की तैयारियां भी फीकी पड़ गई हैं।



### मुआवजा की मांग

स्थानीय निवासियों की मांग है कि सरकार किसानों को शीघ्र मुआवजा दे, ताकि वे फिर से खड़े हो सकें और बाजारों में एक बार फिर रौनक लौट सकें और साल का बड़ा त्योहार में रोशनी की किरण सभी घर पर शोभायमान हो।

### पटाखा दुकान के व्यापारी भी चिंतित

इस समय फ़टाका दुकान को बैला पसरा से हटाकर फुटबॉल मैदान में लगाया गया है। जिसे लेकर फटाका व्यापारी सुदीप श्रीवास्तव और इमरान खान का कहना है कि अभी तक इस समय व्यवसाय कमजोर है। दो दिन बचे है त्यौहार को लेकिन अभी तक बाजार नहीं उठ पाया है। जिसे लेकर सभी फ़टाका व्यापारी चिंतित हैं। ठीक उसी प्रकार से कपड़ा का व्यवसाय भी कमजोर दिख रहा है। जिसके कारण व्यवसाई निराश नजर आ रहे है। कपड़ा व्यवासायी अवि फैशन ने बताया कि अभी किसानों के हाथ में पैसा नहीं है, जिसके कारण बाजार से रौनक गायब है।

# कुष्ठ रोग से बचाव के लिए पीओडी शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

रजत जयंती वर्ष के अवसर पर कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को विकृति एवं दिव्यांगता से बचाने के लिए एक दिवसीय विकृति एवं दिव्यांगता निवारण शिविर का सफल आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोगियों को समय पर उपचार, पुनर्वास और दैनिक जीवन को सुगम बनाने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना था।



कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों की पहचान की गई और उनकी विकृति तथा दिव्यांगता का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। विशेषज्ञों द्वारा फिजियोथेरेपी परामर्श प्रदान किया गया और आवश्यकतानुसार रोगियों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस प्रशिक्षण में हाथ-पैर की मालिश, आवश्यक व्यायाम, घाव की सही देखभाल और सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि रोगी विकृति एवं दिव्यांगता से स्वयं का बचाव कर सकें और अपनी दैनिक दिनचर्या को बिना किसी बाधा के पूरा कर सकें।

आयोजन को कलेक्टर के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।कार्यक्रम के संचालन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल और विकासखंड छुईखदान की स्वास्थ्य टीम ने विशेष योगदान दिया।

# विस अध्यक्ष रमन ने जिम का किया लोकार्पण


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गुरुवार को राजनांदगांव प्रवास के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में जिम की फ्लोरिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य व सामग्री का लोकार्पण किया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, भावेश बैद, रेखा मेश्राम, सुमीत उपाध्याय, फिरोज अंसारी, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## बाफना होंगे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के समीक्षक



**राजनांदगांव।** पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को आगामी 7 और 8 मई 2026 को मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल पीडियाट्रिक कॉन्फ्रेंस के पीडियाट्रिक समिट के रिव्यूअर के रूप में मनोनीत किया गया है। इस सम्मेलन में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी शोध पत्रों की समीक्षा डॉ. बाफना द्वारा की जाएगी और उनकी संस्तुति के बाद ही किसी शोध पत्र को पठन के लिए स्वीकार किया जा सकेगा। डॉ. बाफना को यह जिम्मेदारी उनकी विशेषज्ञता और बाल स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबे अनुभव को देखते हुए सौंपी गई है। यह उनके लिए ही नहीं, बल्कि पूरे राजनांदगांव और प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

# पुलिस ने 113 गुम मोबाइल खोजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस ने 113 गुम मोबाइल कीमती लगभग 17 लाख रुपए को खोजकर धारकों को वापस किया। मोबाइल पाकर धारकों के चेहरे खिल गए।



पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल खोजकर वितरण किया गया। उक्त खोजे गए मोबाइल को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा 17 अक्टूबर को जनसंवाद कक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में प्रार्थियों को सुपुर्द किया गया है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू, सायबर से सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे एवं कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे। मोबाइल मालिकों को उनके गुम मोबाइल मिल जाने से जिला राजनांदगांव पुलिस की कार्रवाई की प्रशंसा करते पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि गुम हुए मोबाइल प्राप्त होने के उपरांत उनका उपयोग न करते हुए गुम मोबाइल को किसी नजदीकी थाना में जमा करें। आगे भी जिला पुलिस द्वारा गुम मोबाइल की पतासाजी जारी रहेगी। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति, भुनेश्वर जायसी, फागूराम साहू, सुनील ठाकुर एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### बसंतपुर ने 45 मोबाइल खोजा

जिसमें थाना बसंतपुर में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विगत 1 माह में सबसे अधिक 45 नग मोबाइल खोजा गया है। जिसकी कीमत लगभग 7 लाख रुपए है। इसी प्रकार सायबर सेल द्वारा 5 मोबाइल, कोतवाली द्वारा 21 मोबाइल, सोमनी द्वारा 17 मोबाइल, डोंगरगढ़ द्वारा 7 मोबाइल, छुरिया द्वारा 7 मोबाइल, बोरतलाव द्वारा 4 मोबाइल, डोंगरगांव द्वारा 1 मोबाइल, घुमका द्वारा 6 मोबाइल कुल 113 नग गुम मोबाइल कीमती लगभग 17 लाख रुपए को राजनांदगांव पुलिस द्वारा बरामद किया गया।







शुभ धनतेरस
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
JOHN DEERE
कमाल की कीमत पर
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
अपने घर लेकर जाए
5045
4WD
क़ीमत नहीं, गुणवत्ता बताती है असली पहचान!
सबसे आसान फाइनेंस के साथ !
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
अधिकृत विक्रेता
जैन मोटर्स
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 8103024569 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

## कलेक्टर ने की विद्युत विभाग की समीक्षा, योजनाओं की प्रगति व क्रियान्वयन पर दिए निर्देश

# पीएम सूर्य घर योजना में लाएं गति, हर घर तक पहुंचे सौर ऊर्जा का उजियारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और लोकहितकारी योजना है, यह हितग्राहियों को न सिर्फ बिजली बिल में राहत प्रदान करती है, बल्कि उन्हें ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर भी आगे बढ़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी यह एक प्रभावी पहल है। जिले के अधिकाधिक हितग्राहियों को इस योजना से जोड़ा जाए। जिस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहां कि जिले में पीएम सूर्यघर योजना के तहत हुए कार्यो के बारे में जानकारी ली।

योजना की धीमी प्रगति को लेकर उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि योजना को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने सभी अधिकारियों को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फील्ड में योजना के प्रचार प्रसार के साथ शासन से प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरी सक्रियता से कार्य करने के सख्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें योजना के लाभ, पंजीयन के तरीके और सोलर पैनल इंस्टॉलेशन के बारे में समुचित जानकारी प्रदान करें। इसके लिए शिविरों का भी आयोजन किया जाए। उन्होंने आवेदन उपरांत वेंडर से समयबद्ध सोलर पैनल इंस्टॉलेशन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर इच्छुक वेंडर को योजना में शामिल करते हुए आवेदनों के निराकरण और सोलर पैनल इंस्टॉलेशन में गति लाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आगे दीपावली का त्यौहार आ रहा है। इसके लिए सारा मेंटेनेंस का कार्य पूरा करते हुए त्यौहारों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर अपनी टीम को अलर्ट पर रखें, जिससे कहीं समस्या आने पर तुरंत उसका निराकरण किया जा सके। विद्युत आपूर्ति को लेकर आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाए। बैठक में विद्युत विभाग के एसई रंजीत घोष, ईई जीएस फ्लोरा, केके झा सहित समस्त एईए जेई उपस्थित थे।

### किफायती बिजली का प्रभावी विकल्पः गोपाल वर्मा



कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों से कहा कि घर की छतों में सोलर पैनल इंस्टाल करवा कर हितग्राही बिजली उत्पादक के रूप में बिजली बिल में राहत पा सकते हैं। उन्होंने प्रति किलोवाट के आधार पर लागत और बनने वाली बिजली, बिल में मिलने वाली छूट के बारे में लोगों को जागरूक करने पर बल दिया और पूर्व में योजना का लाभ ले रहे हितग्राहियों के अनुभव भी लोगों के साथ साझा करने की बात कही। उन्होंने सोलर पैनल इंस्टॉलेशन हेतु बैंक द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋण सुविधा के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

# गुरुकुल में व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

- सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




नगर की गुरुकुल पब्लिक स्कूल में जिला स्तरीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल के 8 शालाओं ने भाग लिया, वहीं प्रतियोगिता के समापन दिवस पर अतिथि के रूप में संदीप गोविकर जिला क्रीड़ा अधिकारी, कुमार चंद्रवंशी जिला पुलिस बल, दिनेश साहू व्यायाम शिक्षक, यशवंत तिवारी जिला पुलिस बल, आदित्य तिवारी व्यायाम शिक्षक, प्रभारी प्राचार्य, मंचासीन थे।

समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प व मालार्पित कर पूजन-वंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया एवं समस्त अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस समापन दिवस का फाइनल मैच में गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा व स्वामी आत्मानंद स्कूल खरहट्टा के बीच खेला गया, जिसमें खरहट्टा स्कूल के कोच उत्तम वर्मा एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल के कोच युवराज परवार थें। इस संघर्षपूर्ण एवं रोमाचंक खेल में दोनों टीम ने जान लगा दी किंतु इसमें स्वामी आत्मानंद स्कूल खरहट्टा ने 25-18, 25-21 से मैच जीत लिया। गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा उप विजेता हुआ। सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण ने इस अंतर्विद्यालयीन व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

### शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रुसे में समीक्षा बैठक आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पण्डरिया अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुसे में शासन के निर्देशानुसार त्रैमासिक परीक्षा उपरांत पालक-शिक्षक के मध्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शाला विकास समिति के अध्यक्ष गीताराम साहू, वरिष्ठ सामाज सेवी डां शंकरलाल चन्द्रवंशी, गोकुल चंद्रवंशी, मुन्ना साहू, कार्तिक साहू उपस्थित थे। इस समीक्षा बैठक में गीताराम साहू ने त्रैमासिक परीक्षा परिणाम के आधार पर विशेष रूप से पालकों को अध्यापन समय सारणी के अनुरूप घर में भी बच्चों पढ़ाने पर विशेष जोर दिया तथा नियमित रूप अध्यापन से परीक्षा परिणाम में सुधार की बात कही। डॉ शंकरलाल चंद्रवंशी ने विद्यार्थियो को बताया कि प्रातः काल एवं सायं-काल अध्ययन से विशेष लाभ की प्राप्ति होती है तथा ध्यान-केंद्रित करने के लिए योग का सहारा लेने के लिए कहा। पालको ने भी बच्चों के आचरण एवं अध्यापन सहित कुछ सुझाव कि प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर ने विद्यार्थियों को दिनचर्या एवं पाठ्यचर्या को सुधारने की आवश्यकता पर बल दिया और लेखन अभ्यास तथा अध्यापन समय सारणी के निर्माण कर नियमित पढ़ने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता लखन चंद्रवंशी, सुनील साहू, रमन वर्मा, गेंदूलाल चन्द्राकर, सुधीर कुमार पाण्डेय, शिवानंद गिरी, मुकेश चंद्राकर, राधेश्याम रॉय, मुन्नालाल चन्द्राकर, सहायक शिक्षक भूपत सिंह नायक, आशा चंद्राकर, कुसुमलता साहू तथा सहा-ग्रेड 2 अनिल ठाकुर, सहा ग्रेड 3 रामकृष्ण चंद्रवंशी, उषा साहू उपस्थित थें। सभी ने अपने विद्यार्थी जीवन काल के अध्ययन के अनुभवो को साझा किया जिससे विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

# अभ्युदय स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्री-दीवाली उत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के अभ्युदय स्कूल कवर्धा में गत दिनों बुधवार को दीपों के पर्व दीवाली का प्री-उत्सव अत्यंत हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और दीपों से सजाया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण में उत्सव की झिलमिलाहट और आनंद की चमक फैल गई। कार्यक्रम की शुरुआत शास्त्रीय संगीत की मधुर और मनमोहक धुनों के साथ हुई, जिसने उपस्थित सभी शिक्षकों और श्रोताओं के मन को उत्साह से प्रफुल्लित कर दिया। इसके बाद शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक नृत्य और गायन ने मंच पर जीवंतता भर दी। एकल और समूह गीत-नृत्य ने उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। कथक नृत्य और वाद्य यंत्र वादन ने कार्यक्रम को पारंपरिक और सांगीतिक रंगों से सजाया। विशेष रूप से सत्यम शिवम सुंदरम की गूंज ने वातावरण को आध्यात्मिक और भावनात्मक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में भरतनाट्यम और वेस्टर्न नृत्य को भावभंगिमा सहित प्रस्तुत कर संस्था के नृत्य शिक्षक ने सबका ध्यानाकर्षित किया।

बासूरी वादन की करतल ध्वनि ने सबको रोमांचित कर दिया। इसके साथ मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के सुमधुर गीतों को प्रस्तुत कर अध्यापकों ने कार्यक्रम में समा बांधा। कविता, रैप और स्टैंड अप कॉमेडी का उत्कृष्ट प्रदर्शन कार्यक्रम में सबके आकर्षण का केंद्र बना रहा। साथ ही उपप्राचार्य फजलूर रहमान खान ने शेरो-शायरी और गतिविधियों के माध्यम से सभी शिक्षकों का मनोरंजन किया और उत्सव में चार चांद लगा दिए। तत्पश्चात प्राचार्य तोरण साहू ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि दीवाली प्रकाश, सत्य और सद्भावना का प्रतीक पर्व है। यह हमें अपने जीवन में अच्छाई, प्रेम और सहानुभूति को अपनाने की सीख देता है। हम सभी को मिलकर इस उत्सव की रौशनी को अपने कार्य और जीवन में भी फैलाना चाहिए। उत्सव में शामिल सभी शिक्षकों और उनके परिवारजनों ने इस आयोजन को अत्यंत सराहा। पूरे कार्यक्रम ने सांस्कृतिक, भावनात्मक और मनोरंजक अनुभवों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया, जो सभी के दिलों में लंबे समय तक जीवंत रहेगा। इस पावन अवसर पर अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने अपने प्रेरक शब्दों में शिक्षकों और कार्यक्रम की महत्ता को उजागर किया। इसके साथ ही शिक्षकों के परिवारजनों का परिचय कराया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी व्यक्तिगत और स्नेहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधन की ओर से दीवाली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई, जिससे पूरे आयोजन में उल्लास और अपनापन बना रहा।

### अंचलों में छत्तीसगढ़ की परंपरा आज भी प्रचलित हैः सुआ गीत



**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ की परंपरा सुआ गीत आज भी ग्रामीण कोलेगांव, कुंडा, दामापुर क्षेत्र सहित आसपास के गांव में भी सुआ गीत प्रचलित है। जिसे आज भी गांव में सुनने को एवं देखने को मिल रहा है, यह हमारे छत्तीसगढ़ का गर्व एवं पहचान है। सुआ गीत दीपावली की पावन पर्व की उत्सव पर एक हफ्ता दिवाली के पहले सुआ गीत छोटे-छोटे बच्चियों द्वारा घर घर जाकर सुआ गीत बड़ी धूमधाम से नृत्य करते हुए छत्तीसगढ़ की परंपरा को आज भी रीति रिवाज के साथ मनाते आ रहे हैं। जिसमें गांव की छोटी-छोटी बच्चियों एवं महिलाओं द्वारा एक टोली बनाकर गांव में सुआ गीत सुनने एवं देखने को मिल रहा है।

# गोंड़ आदिवासी समाज के 10 शिक्षकों का स्थानांतरण आदेश हो निरस्त

- जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री व मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



प्रदेश के सभी 33 जिलों में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई द्वारा ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी क्रम में 15 अक्टूबर बुधवार को जिला इकाई कबीरधाम द्वारा प्रांतीय सचिव लवन सिंह कंवर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिलाधीश कबीरधाम के माध्यम से महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, अरुण साव व रामविचार नेताम मंत्री आदिम जाति जनजाति विकास विभाग, गजेन्द्र यादव स्कूल शिक्षा मंत्री, श्रीमती भावना बोहरा विधायक पंडरिया आदि के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर आदेश नवा रायपुर 08 अक्टूबर को क्रमांक ईसीटीबी-102 (3)/ 449/2025/ 20 तीन द्वारा जिले के आदिवासी समाज के 10 शिक्षकों का स्थानांतरण जिले एवं जिले के बाहर शिक्षण सत्र के मध्य, स्थानांतरण नियम के विपरीत दुर्भावना वश किया गया है।

सभी स्थानांतरित शिक्षक छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई कबीरधाम के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी है। सभी शिक्षक अपने विद्यालय में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी शिक्षकीय कार्य करते है, विद्यालय क्षेत्र स्तर से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। ऐसे में यह स्थानांतरण आदेश में सिर्फ कबीरधाम जिले के एक ही जाति संवर्ग, संगठन विशेष के शिक्षकों का स्थानांतरण अनुसूचित जनजाति के शासकीय सेवक को जानबूझ कर प्रताड़ित किया जाना प्रतीत होता है। पूर्वाग्रह से ग्रसित कुंठित विचारधारा के अधिकारियों के खिलाफ एक्ट्रोसिटी का मामला बनता।

संगठन काफी आक्रोशित है। छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ यह मांग करती है कि, दुर्भावना वश किए गए स्थानांतरण आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए तथा नियम विरुद्ध दुर्भावना वश स्थानांतरण करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही किए जाए।

उक्त अवसर पर लवन सिंह कंवर, प्रांतीय सचिव संरक्षक प्रेमसिंह टेकाम, नारायण लाल मरकाम, जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे, रोहित कुमार धुर्वे, गेंदूराम मरावी, विनय ध्रुव, शिवकुमार धुर्वे, कैलाश मंडवाई, फागू मरावी, दिलीप कुमार धुर्वे, दामोदर उइके, तिहारी नेताम, हुकमी धुर्वे, शिवकुमार धुर्वे, पीताम्बर धुर्वे व संजय घावड़े सहित छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# विधायक भावना के प्रयासों से गन्ना किसानों को दीपावली का तोहफा 5.98 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि वितरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों और पहल पर राज्य शासन ने दीपावली पर्व से पूर्व क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों को बड़ी राहत दी है। शासन द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य शासन से प्राप्त यह राशि कारखाने को प्रदाय कर दी गई है, जिसके बाद कारखाना प्रबंधन द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में शामिल 7,658 गन्ना विक्रेता किसानों के बैंक खातों में भुगतान हेतु चेक राशि प्रेषित कर दी गई है। इस निर्णय से क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों में हर्ष का वातावरण है। किसानों ने विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन के इस कदम से त्यौहारी सीजन में आर्थिक संबल मिला है। विधायक श्रीमती बोहरा ने इस अवसर पर कहा कि राज्य की किसान हितैषी सरकार हमेशा अन्नदाता के साथ खड़ी है। यह प्रोत्साहन राशि किसानों के परिश्रम का सम्मान है। आने वाले समय में भी किसानों को हर संभव सहायता दिलाने के लिए मैं निरंतर प्रयत्नशील रहूंगी। कारखाना प्रबंधन के अनुसार इस राशि से किसानों को गन्ना उत्पादन में हुए व्यय की आंशिक पूर्ति होगी और आगामी पेराई सत्र के लिए उत्साह भी बढ़ेगा। दीपावली से पूर्व मिली यह आर्थिक सहायता किसानों के लिए सचमुच मधुर तोहफा साबित हुई है।

# फारेस्ट विभाग ने मजदूरी भुगतान के लिए एसडीएम को सौंपा पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत फारेस्ट विभाग द्वारा मजदूरी भुगतान न किया जाने के संबंध में ग्राम झिरिया कला के ग्रामीणों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को उपरोक्त विषयांतर्गत को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें फारेस्ट विभाग पूर्व पण्डरिया ग्राम बदौरा बीट क्रमांक 23, 28 पर ग्रामीणों द्वारा जुलाई से अक्टूबर 04 माह तक पौधरोपण व पट्टी बिडिंग, गोल बिडिंग एवं खाद्य संचाई का कार्य किया गया है, जिसका प्रति दिन का 410 रूपए एक मजदूर का मजदूरी है जो कि उक्त 04 माह का ग्रामीण मजदूरी का भुगतान को फारेस्ट विभाग द्वारा रोक दिया गया है और सामने दीवाली का त्यौहार है। जिस पर ग्राम झिरिया कला के ग्रामीणों ने मजदूरी भुगतान को रोके जाने से परिवार की स्थिति दयनीय तथा परिवार रोजी-मजदूरी पर ही आश्रित है। वहीं ग्रामवासियों द्वारा कई बार रेंजर कार्यालय का चक्कर व अर्जी-विनती के बाद भी आज आना, कल आना बोलते मजदूरी भुगतान करने में टाल-मटोल कर रहे है। जिस पर ग्राम झिरिया कला के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द मजदूरी भुगतान तत्काल करने की अपील की गई। इस दौरान ग्रामीण जयप्रकाश टेकाम, प्रहलाद कुमार श्याम, दिपेश कुमार धुर्वे, आनंद कुमार मरावी, जगदीश धुर्वे, कैलाश कुमार श्याम, दिनेश कुमार टेकाम, हरी धुर्वे, धन्नू धुर्वे, भागबली मरावी, अजय मरावी सहित झिरिया कला के मजदूर ग्रामीण जन उपस्थित थें।

न्यायालयः श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)

उमेंद वगैरह.........अपीलार्थीगण

बनाम

गंगाराम वगैरह.............उत्तरवादीगण

व्यवहार अपील प्र. क्रं. 18अ/2025
पेशी तारीख 11/11/2025
प्रोसेस क्रं. - 1803/25

प्रति, 1. गंगाराम आ. स्व. महेत्तर उम्र 62 वर्ष, निवासी पेन्ड्रीतालाब बी. तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) 2. श्रीमती गंगाबाई आ. स्व. श्री महेत्तर उम्र 57 वर्ष, निवासी तारबहार बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 3. श्रीमती सुरूजबाई आ. स्व. श्री महेत्तर उम्र 55 वर्ष, निवासी देवडंगिया पो. दामापुर तहसील पंडरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

समंस/नोटिस

इस न्यायालय में अपीलार्थीगण द्वारा उत्तरवादीगण के विरूद्ध आदेश 41 नियम 01 व्य.प्र. संहिता के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में आपको उत्तरवादी क्रमांक 01 से 03 के रूप में संयोजित किया गया है। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 11.11.2025 को नियत है।

अतः आप उत्तरवादीगण कमांक 01 से 03 स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जायेंगी।

यह आज दिनांक- 10.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी)
प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली,
जिला मुंगेली (छ.ग.)

### महिलाओं के स्वास्थ्य जांच व बाल विवाह मुक्ति का संकल्प लिया

# पोषण माह पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

स्वस्थ व्यवहार से स्वस्थ भविष्य का थीम पर हुआ आयोजन जनपद अध्यक्ष नंदनी साहू ने स्वस्थ समाज व बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ का दिया संदेश एकीकृत बाल विकास परियोजना पंडरिया के तत्वाधान में पोषण माह 2025 के तहत सामुदायिक भवन पंडरिया में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष नंदनी साहू और अध्यक्षता नगर पंचायत पाण्डातराई की अध्यक्ष सरिता सोनी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दिनेश कोसरिया, अंजनी साहू, राजकुमार नेताम, चंद्रभान गायकवाड़, पार्षद अनुराग सिंह ठाकुर, मुकेश सावरा तथा ग्रामीणजन एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थें। परियोजना अधिकारी कोशलेश देवांगन ने इस वर्ष की थीम आज मौका है स्वस्थ व्यवहार से स्वस्थ भविष्य का पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, बच्चों की नियमित देखभाल व शिक्षा, शिशु पोषण और पर्यावरण संरक्षण जैसे व्यवहार ही मजबूत राष्ट्र की नींव हैं। उन्होंने बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी को इस दिशा में सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। सेक्टर पर्यवेक्षक अंजना दुबे ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी, वहीं आयुष और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 75 महिलाओं ने जांच कराई और लाभ प्राप्त किया। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी तथा अतिथियों ने गोदभराई और अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराए। अतिथि नंदनी साहू ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर परिवार पोषण को प्राथमिकता दे और बाल विवाह जैसी कुरीतियों से समाज को मुक्त करे। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ और सशक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में ठोस कदम है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज

Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनने 24 ने ठोकी दावेदारी, पूर्व विधायक भी कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। हाल ही में इसी सिलसिले में कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत कबीरधाम जिले के लिए नियुक्त एआईसीसी आब्जर्वर प्रभारी श्याम कुमार दौलत बारवे, पीसीसी पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद कोरबा, दिलीप लहरिया, आकाश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस तथा जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस भवन कवर्धा में बैठक भी आयोजित की गई थी। बताया जाता है कि बैठक में जहां कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी की मजबूती एवं जिला कांग्रेस कमेटी के लिए अध्यक्ष नियुक्ति पर चर्चा की वहीं इस बैठक में जिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष बनने के लिए पदाधिकारियों के समक्ष पूरी दमदारी के साथ अपनी दावेदारी भी पेश की। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस बैठक में कुल 24 कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनने के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। जिसमें ममता चन्द्राकर, रजपाल साहू, काशीनाथ सिंह ठाकुर, लालबहादुर चंद्रवंशी, घनश्याम साहू, नवीन जायसवाल, कृष्णा साहू, तुकेश्वर साहू, तुकाराम चंद्रवंशी, होरीराम साहू, नंदराम पाटिल, लक्ष्मण चंद्रवंशी, पितांबर वर्मा, राजेन्द्र चंद्रवंशी, मो. अजहर खान, नरेश चंद्राकर, नरेश निर्मलकर, आनंद सिंह ठाकुर, श्रीमती सीमा अगम अनंत, शिवशंकर वर्मा, आकाश केसरवानी, सुनील यादव, राकेश चंद्रवंशी, डॉ. जयप्रकाश बारले, श्रीमती आरती सुमन, कृष्णा पुसाम, मो.इरफान खान तथा श्रीमती अंबिका गोलू सोनवानी का नाम शामिल है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इन आवेदकों में महिला, पुरूष के साथ युवा और वरिष्ठ कांग्रेसी, पूर्व पदाधिकारी तथा पूर्व विधायक तक शामिल हैं। ऐसे में दिलचस्प होगा कि कांग्रेस कमेटी आने वाले दिनो में किस पर भरोसा जताती है और किसे जिला कांग्रेस कमेटी की कमान सौंपती है।




### किसे दिया जाएगा मौका, क्या होगा कांग्रेस पार्टी का फार्मूला?

दावेदारों द्वारा अपनी-अपनी दावेदारी पेश करने के बाद अब कार्यकर्ताओं के बीच इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि पार्टी किसे मौका देगी और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्ति का फार्मूला क्या होगा। क्या पार्टी हर बार की तरह इस बार भी जिले की तासीर के अनुरूप जातिवाद को आधार मानेगी या फिर किसी तजुर्बेकार, युवा और पार्टी में हमेशा सक्रिय रहने वाले कार्यकर्ता को मौका देगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि कांग्रेस पार्टी अभी तक कबीरधाम जिले में जाति बाहुल्यता के आधार पर ही पार्टी अध्यक्ष नियुक्त करते आई है। लेकिन जानकारों की माने तो उसे इससे कोई विशेष फायदा होता नहीं दिखाई दिया है। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि इस पार्टी अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों में कौन से गुण देखती है और किसे पार्टी का जिला कप्तान नियुक्त करती है।

## खबर संक्षेप

### प्रोत्साहन योजना के तहत आवेदन 31 तक

**कवर्धा।** संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत सत्र 2025-26 में जिले के विद्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में जिले के कुल 77 विद्यार्थियों की सूची प्राप्त हुई है, जिन्हें ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कक्षा 10वीं के अनुसूचित जाति वर्ग के 18, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12 तथा कक्षा 12वीं के अनुसूचित जाति वर्ग के 29 और अनुसूचित जनजाति वर्ग के 18 विद्यार्थी योजना हेतु चयनित किए गए हैं। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति पोर्टल के होम पेज में जाकर मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन पंजीयन करना अनिवार्य है। इसके लिए संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश इस कार्यालय द्वारा जारी किए जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन पूर्ण करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025, सायं 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक संबंधित विभाग से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### 23 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा वार्षिक कैलेंण्डर वर्ष 2025 के लिए कबीरधाम में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है। वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंण्डर में कबीरधाम जिले के लिए श्रावण मास के प्रथम सोमवार 14 जुलाई 2025, दशहरा महानवमी 01 अक्टूबर 2025, भाईदूज (दीपावली) 23 अक्टूबर 2025 को तीन दिन का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। पहले गोवर्धन पूजा 21 अक्टूबर को अवकाश घोषित था जिसे संशोधित कर 23 अक्टूबर को किया गया है।

**दीपोत्सव:** पर्वों को लेकर बाजार में रौनक, लोगों में उत्साह

# आज धनतेरस के साथ दीपावली के त्यौहारों की श्रृंखला प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

हिन्दु पर्वो के महापर्व दीपावली की तैयारियों को लोगों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार 20 अक्टूबर को पड़ने वाले दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर घरों व प्रतिष्ठानो की लिपाई-पुताई व साफ-सफाई के बाद अब लोगों की खासी चहलकदमी बाजार में नजर आ रही है। जहां वे त्यौहार में उपयोगी साजो सामान से लेकर ना-ना प्रकार की चीजों की खरीदी कर रहे हैं। पर्व को लेकर लोगों के इस उत्साह को देखते हुए बाजार भी पूरी तरह खरीददारों की मांग व पसंद के अनुरूप सजा दिया गया है। बाजार में दीपावली के लिए कपड़ा, सोना, चांदी, बर्तन, पूजन सामग्री, सजावटी सामग्री, पूजा-पाठ की सामग्री, रंगोली, पटाखा, मिठाई आदि की दर्जनो दुकाने सजाई गई है। जिनमें 18 अक्टूबर को दीपोत्सव के प्रथम त्यौहार धनतेरस के रोज से लोगों की भीड़ उमड़ने लगेगी। त्यौहारों की कड़ी में 18 अक्टूबर को धनतेरस, 19 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी, 20 अक्टूबर को दीपावली तथा 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा तथा 23 अक्टूबर को भाईदूज मनाई जाएगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि दीपोत्सव के इन सभी पर्वों में धनतेरस का भी अपना अलग महत्व है। इस दिन लोगों द्वारा कोई न कोई नया सामान खरीदने की परम्परा है। वहीं इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की विधि विधान से पूजा अर्चना करने तथा दीप प्रज्जवलित करने की मान्यता है।

### अंचल में स्थापित की जाती है मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं



धर्मनगरी कवर्धा सहित समूचे अंचल में धनतेरस के दिन से ही मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करने की परम्परा है। यहां हर साल बड़ी संख्या में लक्ष्मी उत्सव समितियों द्वारा भगवान गणेश तथा मां दुर्गा की तरह आकर्षक पण्डाल बनाकर धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं भी स्थापित की जाती है। जिसकी तैयारियां समितियों द्वारा लगभग पूरी भी कर ली गई है। अब इन समितियों द्वारा मंगलवार को धनतेरस के रोज मूर्तिकारों के यहां से मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं लाकर विधि विधान से पण्डालों में स्थापित की जाएंगी और दीपावली तक मां लक्ष्मी की नियमित रूप से पूजा अर्चना व आरती की जाएगी। तत्पश्चात दीपावली के बाद इन प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

# तंबाकू नियंत्रण के लिए प्रशासन की सख्ती, पिपरिया में 24 चालान लोगों को दी गई समझाइश

- जिला प्रशासन द्वारा की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा तंबाकू सेवन एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तूरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत विकासखंड कवर्धा अंतर्गत पिपरिया क्षेत्र में विशेष जांच अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान कोटपा 2003 के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की पान दुकानों, थोक किराना दुकानों व अन्य तंबाकू विक्रय केंद्रों की जांच की गई। इस दौरान धारा 4 (सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध) एवं धारा 6 का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 24 चालान काटे गए। जांच टीम ने तंबाकू विक्रेताओं एवं उपभोक्ताओं को तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा कोटपा नियमों का पालन करने के लिए समझाइश दी। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कोटपा 2003 के नियमों से संबंधित पॉम्पलेट एवं जनजागरूकता सामग्री भी वितरित की गई।

इस अवसर पर डॉ. रोशनी पटेल ने बताया कि तंबाकू न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। हमारा लक्ष्य जिले को पूर्णतः तंबाकू मुक्त बनाना है। अभियान दल का नेतृत्व डॉ. रोशनी पटेल (जिला नोडल अधिकारी, एंटीसीपी) एवं डॉ. योगेश पैकरा (दंत चिकित्सक, पिपरिया) ने किया। संयुक्त टीम में श्रम विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत पिपरिया एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे इस प्रकार के निरीक्षण अभियान नियमित रूप से जारी रखें और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सतत प्रचार-प्रसार करें।

# दीपावली त्यौहार पर जिले में सतत् विद्युत व्यवस्था बनाए रखने की पहल

## ईडी सेलट ने सभी मैदानी अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगाव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत कबीरधाम जिले के सभी मैदानी अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होने विद्युत व्यवस्था की शिकायत के मद्देनजर आकस्मिक निरीक्षण की भी बात कही है। चारों जिले के सभी उपसंभाग एवं वितरण केन्द्रों के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं को उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित निराकृत करने के निर्देश प्रसारित किये गए हैं तथा सतत व्यवस्था बनाये रखने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के संकेत भी उनके द्वारा दिए हैं। कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि त्यौहार के इस सीजन में विभिन्न प्रकार के सजावट के कारण विद्युत लाईनों एवं उपकरणों में अतिरिक्त लोड की संभावना को देखते हुए मेंटेंनेस टीम को अलर्ट पर रखा गया है। सभी विभागीय संभाग के अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण आरक्षित रखने तथा विद्युत व्यवधान की स्थिति में संबंधित क्षेत्र में तत्काल पहुँचकर विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये है। उन्होने उपभोक्ताओं को विद्युत संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए निकटतम विद्युत कार्यालय एवं वितरण केन्द्रों के दूरभाष नंबरों पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा दीपोत्सव के पर्व को दृष्टिगत रखते हुये मैदानी अधिकारियों, कर्मचारियों से सहित आमनागरिकों को विशेष जागरूकता एवं सतर्कता बरतने की अपील की गई है। पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आकस्मिक विद्युत दुर्घटना को नियंत्रित करने समुचित अमले के साथ शिकायत केन्द्रों में सम्पूर्ण तैयारी रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। विद्युत दुर्घटना से बचने हेतु विद्युत उपकेन्द्रों, खम्बों, लाईनों तथा ट्रांसफार्मरों के निकट फटाके, राकेट, अनारदाना इत्यादि नहीं जलाने की समझाईश दी गई है। श्री सेलट ने कहा कि उपभोक्ताओं की जागरूकता एवं शालीनतापूर्वक दीपोत्सव विद्युत कंपनी सहित सभी के लिये हितकारी होगा। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए केन्द्रीकृत कॉल सेंटर का 1912 दिन-रात क्रियाशील रहता है। इस नंबर पर उपभोक्तागण किसी भी समय 1912 पर हिन्दी, अंग्रेजी एवं छत्तीसगढ़ी में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। दीपोत्सव पर्व पर किसी भी प्रकार की विद्युत व्यवधान, तथा विद्युत दुर्घटना संबंधी शिकायत आदि के लिये उपभोक्तागण राजनांदगांव शहर स्थित शिकायत केन्द्रों में सम्पर्क कर सकते हैं।

## नशामुक्ति, बाल विवाह व दहेज कुप्रथा के खिलाफ बड़ी पहल, पालकों को दिलाई शपथ




**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा ने नशामुक्ति, बाल विवाह और दहेज कुप्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी की पहल पर विद्यालय में अध्ययनरत दस गांवों के 107 पालकों को एकसाथ शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों को भी इन कुप्रथाओं के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। शपथ ग्रहण के दौरान पालकों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे, अपने बच्चों का बाल विवाह नहीं करेंगे, न ही दहेज लेंगे और न ही देंगे। इसके साथ ही उन्होंने अपने आस-पास के लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करने का संकल्प लिया है। इस जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम छिरहा, जुनवानी, नवागांव तिवारी, लिमो, मगरदा, घोठिया, झलका, बाघुटोला एवं बिरुटोला के पालकगण शामिल हुए। प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि समाज को इन बुराइयों से मुक्त करने के लिए शिक्षण संस्थानों की यह एक नैतिक जिम्मेदारी है। इस सामूहिक शपथ ने इन गंभीर मुद्दों के रोकथाम के लिए एक मजबूत सामाजिक नींव तैयार की है और क्षेत्र में बदलाव की एक नई लहर की शुरूआत किया है।

# सर्पदंश से मृत व्यक्ति के आश्रित परिजनों को मिली चार लाख की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर के संवेदनशील पहल और तत्पर निर्णय से तहसील सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम करही के दुखग्रस्त परिवार को त्वरित राहत मिली है। विगत दिनों ग्राम करही के टेकसिंह की इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। यह जानकारी मिलते ही कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को राहत की पूरी प्रक्रिया प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा के पहल पर मृतक की पत्नी लीलावती को त्वरित रूप से 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत कर राहत प्रदान की गई। यह जिले में प्रशासन की मानवीयता और त्वरित कार्यप्रणाली का उदाहरण बन गया है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा ने स्वयं मृतक की पत्नी एवं नाबालिग बेटे को 4 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक भेंट किया। इस प्रकरण में नायब तहसीलदार सहसपुर लोहारा श्री हुलेश्वर कुमार पटेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पटवारी से घटना का पंचनामा एवं संपूर्ण रिपोर्ट तैयार कर एसडीएम कार्यालय के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया। प्रशासनिक तंत्र की इस तेज़ और प्रभावी कार्यवाही से आरबीसी 6(4) के तहत मात्र 1 माह के भीतर 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी परिवार पर आई विपत्ति को हम टाल नहीं सकते, लेकिन शासन की मंशा यही है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता मिले और वे इस कठिन समय में स्वयं को अकेला न महसूस करें।

# शक्कर वितरण व किसान रेस्ट हाउस का लोकार्पण आज करेंगे डिप्टी सीएम विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा विधायक एवं छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा 18 अक्टूबर को कवर्धा प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शर्मा अपने कवर्धा प्रवास के दौरान के द्वारा धनतेरस के पावन अवसर 18 अक्टूबर को दोपहर 1.00 बजे भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर में गन्ना किसानों को 50 किलो शक्कर और शक्कर कारखाना परिसर में निर्मित किसान रेस्ट हाउस बलराम सदन का लोकार्पण करेंगे। गौरतलब है कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मे गन्ना किसानों को भारत वर्ष में सर्वाधिक गन्ना का मूल्य और रिकवरी व बोनस और अब शेयरधारी किसानों को शक्कर का वितरण किया जा रहा है। इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से गन्ना किसानों को दीपावली पर 11.09 करोड़ रुपए का बोनस भुगतान भी किया गया है।

**दिवंगत कोटवार की पत्नी को 20 दिनों में मिली कोटवारी की जिम्मेदारी**

# दनियाखुर्द बनिया में प्रशासन ने दिखाई संवेदनशीलता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा।

सहसपुर लोहारा तहसील के ग्राम दनियाखुर्द (बनिया) के कोटवार भूधरदास के आकस्मिक निधन के बाद ग्रामवासियों में गहरा शोक व्याप्त था। भूधरदास वर्षो से निष्ठा और ईमानदारी के साथ ग्राम में कोटवार के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन के पश्चात उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बासन बाई ने प्रशासन से कोटवारी दायित्व संभालने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। प्रशासन ने इस आवेदन पर संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र कार्रवाई की। नायब तहसीलदार सहसपुर लोहारा हुलेश्वर पटेल के द्वारा तत्परता से मात्र 20 दिनों के भीतर कोटवार नियुक्ति के प्रकरण में सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किया गया। तत्पश्चात, एसडीएम सहसपुर लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन द्वारा श्रीमती बासन बाई को ग्राम दनियाखुर्द की नई कोटवार के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती देवांगन ने नवनियुक्त कोटवार श्रीमती बासन बाई को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा और जनसेवा की भावना से निर्वहन करने की शुभकामनाएं दीं। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के इस त्वरित और संवेदनशील निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि यह कदम न केवल दिवंगत भूधरदास के परिवार के प्रति संवेदना का प्रतीक है, बल्कि यह प्रशासन की मानवीय दृष्टिकोण का भी उदाहरण है। इस अवसर पर तहसील कार्यालय के कर्मचारी, ग्राम दनियाखुर्द के ग्रामीणजन एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। तहसील कोटवार संघ के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया जिसमें तहसील सहसपुर लोहारा कोटवार संघ के अध्यक्ष सरोज दास मानिकपुरी एवं समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



# उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसुमघटा में निःशुल्क सायकिल का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसुमघटा में नवमी कक्षा की बालिकाओं को निः शुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत विद्यालय के कक्षा नवमी में सत्र 2025-26 में अध्ययनरत 31 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यादायनी भगवती मां सरस्वती और मां भारती की पूजा- अर्चना एवं वंदना अतिथियो के करकमलो से पुष्प माला व धुप दीप जलाकर श्रीफल अर्पित कर की गई। अतिथियों के स्वागत क्रमशः प्राचार्य अश्वनी कोसरे, वरिष्ठ व्याख्याता टीआर ताड़िया, महेश्र द्विवेदी, शिव चंद्वंशी, दुर्गेश चंद्रवंशी, बुधराम निषाद द्वारा व शाला नायक श्याम मिरी द्वारा किया गया। छात्राओं तथा अतिथियों को राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती निःशुल्क साइकिल योजना की जानकारी प्रभारी शिक्षक महेश्वर द्विवेदी ने दी। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सत्यनारायण तिवारी ने किया।



# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025


नगर एवं क्षेत्रवासियों को
धनतेरस की
दीपावली
की हार्दिक
बधाई एवं
शुभकामनाएं
Dulux
INDIGO
डीलर -
गुप्ता ट्रेडर्स
गुरूद्वारा के बाजू, बुधवारी पारा, डोंगरगढ़ (छ.ग.)
9425569222


समस्त देशवासियों को
धनतेरस
के पावन पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।
सुरक्षित और आरामदायक यात्रा
आधुनिक बसों और प्रशिक्षित स्टाफ के साथ
समय की पाबंदी
हर सफर पर भरोसेमंद सेवा
विशेष यात्रा मार्ग
ऑल इंडिया टूरिस्ट एवं छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों और गांवों के लिए
लोधी ट्रेवल्स
में अपने परिवार और दोस्तों के साथ यात्रा का मजा लें और सुनिश्चित करें कि आपकी यात्रा यादगार हो
विष्णु लोधी
लोधी कॉरपोरेट | लोधी ट्रेवल्स 1989 से निरंतर सेवा में
लोधी पेट्रोलियम फ्यूल स्टेशन डोंगरगढ़ | लोधी कृषि फार्म पुरेना जिला राजनांदगांव
कुशलता, सेवा और विश्वास का प्रतीक
अभी बुक करें : संपर्क : 09425559850, ऑफिस - 07823-299522, 09406025949, 07587458033, 07999605617, 09893354860, 08319299548
वेबसाइट : (https://m.facebook.com/Lodhicorporation/)
आपकी यात्रा, हमारी जिम्मेदारी


नगर एवं क्षेत्रवासियों को
धनतेरस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
रज़ा स्टील फर्नीचर
प्रो. मोहम्मद शकील
9300465586, 8319363600
बस स्टैण्ड के सामने, डोंगरगढ़


नगर एवं क्षेत्रवासियों को
धनतेरस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
Pure Desi Ghee Sweets
An enduring tradition
अन्नपूर्णा
बीकानेर स्वीट्स
गोल बाजार, डोंगरगढ़
7415652621, 700087704

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025



# जिले में 60 हजार वाहन के ही बदले नंबर प्लेट, डेढ़ लाख अब भी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने को लेकर लोगों में रूचि दिखाई नहीं दे रही है। नंबर प्लेट लगाने की मियाद खत्म होने के बाद भी सभी वाहनों में नए नंबर प्लेट अब तक नहीं लगे हैं। अभी भी कई वाहन है। जिसमें आड़े -तिरछे नंबर और बिना नंबर प्लेट के ही चल रहे हैं।

परिवहन विभाग के माध्यम से एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए ऑनलाइन माध्यम से पंजीयन शुरू है, लेकिन अपने वाहन के नंबर प्लेट लगाने के लिए लोगों में खासी रूचि दिखाई नहीं दे रही है। जिले में लगभग 2 लाख से अधिक वाहन हैं, इनमें से लगभग 60 हजार वाहनों में ही हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया गया है। जबकि डेढ़ लाख से अधिक वाहन अभी पुराने नंबर प्लेट पर ही चल रहे हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा इस ओर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार भी किया गया। नंबर प्लेट बदलवाने का समय भी बढ़ाया गया था। उन्होंने कहा कि बीते अप्रैल माह में नंबर प्लेट लगाने की आखिरी तिथि थी। इसके बाद अब यातायात विभाग के माध्यम से चालानी कार्रवाई की जा रही है। अब तक सभी वाहनों में नंबर प्लेट नहीं बदल पाया है। वहीं अब नंबर प्लेट नहीं बदलवाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई भी शुरू हो गई है। जिसके तहत 500 से 1000 रुपए तक जुर्माना वसूला जा रहा है।



## अधिकांश वाहनों के नाम ट्रांसफर नहीं

शहर में कई पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री के चलते भी लोग अपना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं बदल पा रहे हैं, क्योंकि उन्होंने जिससे अपने दो पहिया वाहन खरीदे हैं, उस व्यक्ति का वर्तमान में आता-पता नहीं है। वहीं कई वाहनों के नाम अब भी ट्रांसफर नहीं हुए हैं। ऐसे में अगर वह हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए अप्लाई करते हैं तो वाहन जिसके नाम पर है, उस व्यक्ति का आधार, मोबाइल नंबर देना होगा। जिसकी वजह से सैकड़ों वाहनों के नंबर सेकंड हैंड वाहन खरीदने वालों ने अब तक नहीं बदलवाएं है।


## तेज होगी कार्रवाई

1 अप्रैल 2019 से पूर्व के सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। 1 अप्रैल 2025 से यातायात पुलिस द्वारा इस नियम का सख्ती से पालन करवाए जाने के लिए निर्देश प्राप्त हुए थे। जिसके तहत अब इस पर कार्रवाई तेज होगी।

## शासकीय कर्मी ने किया जहर सेवन, भर्ती

**राजनांदगांव।** शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान में आज सुबह एक व्यक्ति द्वारा जहर सेवन किए जाने का मामाला सामने आया है। मामले की जानकारी मिलने पर उसे 112 वाहन की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। लोगों ने बताया कि जहर सेवन करने वाला व्यक्ति जीवन साहू कन्हारपुरी क्षेत्र का निवासी है। जहर खाने की वजह के लिए जांच की जा रही है। बताया गया कि वह शासकीय विभाग में कार्यरत है।









# मतदाता सूची में नाम जोड़ने तीन दिवसीय शिविर आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन एवं स्वीप नोडल अधिकारी गुणवंता दास खरे के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु तीन दिवसीय पंजीयन शिविर 14 से 16 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। इस शिविर में वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु आनलाइन पंजीयन प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बताया। रासेयो अधिकारी डॉ. एसआर कन्नोजे ने भारतीय संविधान में नागरिकों को प्रदत्त मतदान के अधिकार को जिम्मेदारीपूर्वक बिना किसी प्रलोभन व भय के, देश व लोकहित में काम करने वाले योग्य व अच्छे व्यक्ति को वोट देने की अपील की।

**डांस स्पर्धा 19 को** : राजनांदगांव। ग्राम भरकाटोला (सहसपुर दल्ली) में 19 अक्टूबर को दीवाली महोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श युवा ग्रुप के तत्वावधान में रखा गया है। यह जानकारी युगल डांस के अध्यक्ष गंगाप्रसाद ने दी।







समक्ष न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग.

**ज्ञापन**

उत्त.प्र.क्र.- 08 /2025, श्रवण तिथि 20/11/2025

प्रोसेस नम्बर :- 71/25

मनीराम देवांगन ... आवेदक / वादी

// विरुद्ध //

बंधन बैंक वगैरह ... अनावेदक / प्रतिवादी

बनाम- आम जनता, जिस किसी का हित हो

आवेदक के द्वारा बंधन बैंक वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पेश किया गया है। आवेदक की पत्नि श्रीमती मनका बाई निवासी- लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव की मृत्यु दिनांक 12.07.2025 को हो गई है। बंधन बैंक शाखा डोंगरगढ़ में मृतिका स्व० श्रीमती मनका बाई का खाता संचालित है, जिसमें जमा राशि को प्राप्त करने हेतु आवेदक मनीराम देवांगन को उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। अतः आपत्ति ईस्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि जिस किसी को आपत्ति हो, न्यायालय में पेशी दिनांक 20/11/2025 को प्रातः 11:00 बजे आवेदन का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यो का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजो को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नही होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

अतः आज तारिख 17/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

**श्रीमती दीप्ति लकडा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ.ग.**

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

CSPDCL

(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ( संचा. / संधा.) संभाग, डोंगरगांव

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

क्र./5447-00/सामा./1238

**आदेश**

डोंगरगांव, दिनांक 16/10/2025

समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि, दिनांक 20.10.2025 से 22.10. 2025 तक दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर निरन्तर विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु निम्नलिखित अधिकारियों / कर्मचारियों का उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये स्थानों पर शाम 4.00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक ड्यूटी करने हेतु आदेश प्रसारित किया जाता है।

| क्र. | अधिकारी / कर्मचारी का नाम | पद | कार्यस्थल का नाम | अधिकारी / कर्मचारी का मो.नं. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री यशवंत कुमार तुमरेकी | सहायक अभियंता, (उ. सं.) डोंगरगांव | डोंगरगांव उपसंभाग के अंतर्गत डोंगरगांव (श. / ग्रा.) / खुज्जी / बिजेभाठा / कुमरदा / गैंदाटोला / अरसीटोला, हाटबंजारी / उमरवाही स्थित 33/11 केव्ही सब स्टेशनों में निरंतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु । | 6232941176 9131771391 |
| 02 | श्री जसबीर सिंह सिद्धू | सहायक अभियंता, (कार्या.) डोंगरगांव | 132/33 केव्ही. सबस्टेशन अमलीडीह (डोंगरगांव) विभिन्न 33 केव्ही. फीडरों में लोड की जानकारी उपलब्ध बाबत । | 6232941173 8839157325 |
| 03 | श्री ताम्रध्वज पिस्दा | कनिष्ठ अभियंता डोंगरगांव (ग्रा.) | 33/11 केव्ही सब स्टेशन डोंगरगांव, बिजाभाठा, अरसीटोला एवं डोंगरगांव ग्रा. वि.केन्द्र की सतत विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु । | 6332941178 7999626695 |
| 04 | यूसी राणा | कनिष्ठ अभियंता डोंगरगांव ( श.) | 33/11 केव्ही सब स्टेशन डोंगरगांव, सेवतापारा की सतत विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु । | 6261242042 |
| 05 | कु. धनेश्वरी चन्द्रवंशी | कनिष्ठ अभियंता खुज्जी | 33/11 केव्ही सब स्टेशन खुज्जी एवं उमरवाही में सतत विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु । | 6266643800 7415553441 |
| 06 | श्री चिरंजीव नायक | कनिष्ठ अभियंता कुमरदा | 33/11 केव्ही सब स्टेशन कुमरदा में विद्युत सतत विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु । | 959841752 6232941174 |
| 07 | श्रीकांत | कनिष्ठ अभियंता गैंदाटोला | 33/11 केव्ही सब स्टेशन गैंदाटोला एवं हाटबंजारी में विद्युत सतत विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु । | 6266643800 8602808234 |
| 08 | श्री. खम्हन सिंह हदगेन्द्र | परीक्षण सहायक | 33/11 केव्ही सब स्टेशन सेवतापारा में सतत विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु । | 6232942531 9406077217 |
| 09 | श्री रामनाथ नेताम | ला.सहा.श्रे. - 01 | | 6232942612 9893020474 |
| 10 | श्री हरिशचन्द्र रंगारी | ला.सहा. श्रे.-01 | 33/11 केव्ही सब स्टेशन डोंगरगांव में सतत विद्युत व्यवस्था बनाये रखने हेतु । | 6232942611 9770929320 |

"पी.एम.सूर्य घर योजनानुसार सौर ऊर्जा लगवाये बिजली बिल से छुटकारा पाये"

(बी.के. उइके 9510975)
कार्यपालन अभियंता(सं./ सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., डोंगरगांव




वर्धमान ज्वेलर्स
सोने व चांदी के निर्माता एवं विक्रेता।
सोने, चांदी के सिक्के, बर्तन, पूजा का सामान और
कार्पोरेट गिफ्ट के ढ़ेरों विकल्प
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाऐं...
इस धनतेरस एवं दीपावली को बनाइयें कुछ खास क्योंकि
वर्धमान समझता है आपके अपनों के जज्बात
कृपया पधारकर सेवा का मौका अवश्य देवें।
अरिहंत, कवर्धा 83057-25255
गोलबाजार, खैरागढ़ (छ.ग.) संभव लुनिया 88897-60000, वैभव लुनिया 96910-99977


श्री राधे
श्री राधे
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
जल्दी आयें... जल्दी पायें...
आपके शहर खैरागढ़ जिला में
नया आवासीय कॉलोनी
प्राकृतिक वातावरण के बीच आपके मन को आनंदित करने वाला
मैरिज गार्डन, क्लब हाउस, जीम, बैडमिंटन कोर्ट, कार पार्किंग, सुपर बाजार,
स्विमिंग पूल, 24 घंटे सिक्यूरिटी गार्ड की सुविधा सी.सी.टी.वी. कैमरा से निगरानी, मंदिर
श्रीजी विहार
फेस-2
प्री. बुकिंग चालु
chandu flex kgh
ग्राम तथा नगर निवेश नगर पालिका एवं रेरा से डायवर्टेड अनुमति प्राप्त कॉलोनी
प्लाट बुकिंग प्रारंभ
रोड, नाली, बिजली,
पानी की व्यवस्था के साथ
मो.- 7746058677
प्रो.- श्रीमती प्रतिभा राजेश कुमार मिश्रा
श्रीजी विहार कॉलोनी
सरस्वती शिशु मंदिर के सामने, खैरागढ़ छुईखदान मार्ग लाराबंध खैरागढ़


धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HONDA
HONDA
मनाये यह त्यौहार
मनराज होंडा
के साथ
MICROVAVE
IRON
Telivision
MIXTURE GRINDER
REFREGIRATOR
Scratch and Win!
PRIZE
BRING HOME
YOUR FAVORITE
Honda 2 Wheeler
MOBILE PHONE
TROLLY BAG
WASHING MATCHIN
आकर्षक * डिस्काउंट
आकर्षक * ऑफर
आफर के साथ
EX-SHOWROOM PRICE
74,100/-
Shine 100 DX
LED TV
ACTIVA
EX-SHOWROOM PRICE
₹ 83,411/-
2100* तक का एक्सचेंज बोनस
BAG
IRON
2100* तक का आकर्षक डिस्काउंट
हर गाड़ी की बुकिंग पर हेलमेट फ्री
हर गाड़ी की बुकिंग पर हेलमेट फ्री
MIXER MACHINE
GAS STOVE
होंडा की हर गाड़ी की खरीदी पर पाये आर्कषक उपहार और पाये डिस्काउंट का फायदा
GST कैश डिस्काउंट = 8000 से 15000 तक
यह ऑफर केवल 22 सितंबर 2025 से 22 अक्टूबर 2025 तक मान्य
मात्र 4,999 कि डाउन पेमेंट में ले जाये अपने सपनो की गाड़ी 8.99% की ब्याज दर के साथ
*नियम एवं शर्तें लागू
पाताल भैरवी मंदिर के पास, नागपुर नाका, डॉमिनोज के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)
SALES : 07744223333 , 8435999991,2 SERVICE :07744223434, 8435999993,4
http://www.manrajhonda.com | manrajhondarjn | manrajhondarjn